an>

Title: Need to construct AIIMS-level hospital in Kaithal district in Haryana.

श्री राजकुमार सैनी (कुरुक्षेत्र) : उपाध्यक्ष महोदय, शून्य काल में आपने मुझे बोलने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं। मेरे पार्लियामेंट क्षेत्र कुरूक्षेत्र जिला कैथल में दिल्ली या चंडीगढ़ के अलावा कोई बड़ा हास्पिटल नहीं है। पिछले दस वर्षों में लगातार ट्रैफिक में हो रही वृद्धि से आए दिन अनेक एक्सीडेंट हुए, परन्तु उपचार के अभाव में बहुत सारे लोग अस्पताल पहुंचने से पहले दम तोड़ चुके हैं। अभी हाल ही में कल जो हादसा हुआ, वह बहुत ही दर्दनाक था। इसमें सिर्फ हास्पिटल से दूरी की वजह से दोनों बच्चों की मौत हुई।

महोदय, मेरा आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि जो एम्स स्तर के आठ हास्पिटल बनाए जाने हैं, उनमें से एक कैथल में बनाया जाए।